संख्या–4689/71–3–2005–के0जी0–96/2004

प्रेषक,

जावेद एहतेशाम,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय,
लखनऊ ।

10908
28/12/05

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ : दिनांक 27 दिसम्बर, 2005

विषय:–किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के मेडिसिन विभाग में रिहैमेटोलाजी यूनिट के उच्चीकरण हेतु पदों के सृजन की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

...........

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–5076/जी0ए0/2005, दिनांक 28–10–2005 के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के मेडिसिन विभाग में रिहैमेटोलाजी यूनिट के उच्चीकरण हेतु संलग्नक में अंकित विवरण के अनुसार विभिन्न श्रेणियों के शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक कुल 60 पदों के सृजन तथा उसपर होने वाले व्यय भार के लिए रू0 58,74,000/– (रूपया अठ्ठावन लाख चौहत्तर हजार मात्र) की धनराशि की वित्तीय स्वीकृति सहर्ष प्रदान करते हैं ।

2– उक्त स्वीकृति इस शर्त सहित प्रदान की जाती है कि अवमुक्त की जा रही उक्त धनराशि का कोषागार से आहरण तभी किया जायेगा, जब पदों पर नियुक्तियां हो जायें। धनराशि का आहरण वास्तविक आवश्यकतानुसार किया जायेगा।

3– मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय उक्तानुसार संलग्नक में अंकित कुल 60 पदों को, दिनांक 23 फरवरी, 2006 तक, बशर्ते सृजित होने वाले पदों को इससे पूर्व समाप्त न कर दिया जाय, सृजित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

4– स्वीकृत धनराशि का उपयोग उस मद में किया जाय जिसके लिए यह धनराशि स्वीकृत की गयी है । किसी अन्य मद में व्यय वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी ।

G.A
28-12-05

E:\yadav ji work\U.L. Yadav g-o-.doc

5— धनराशि का कोषागार से आहरण वित्त अधिकारी, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा तथा बिलों पर महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के प्रतिहस्ताक्षर प्राप्त किये जायेंगे ।

6— उक्त मद पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2005—2006 में प्रथम अनुपूरक मॉग के माध्यम से प्राविधानित अनुदान संख्या—31—चिकित्सा विभाग (चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण) के लेखा शीर्षक "2210—चिकित्सा तथा लोकस्वास्थ्य—आयोजनागत—05—चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण तथा अनुसंधान—105—एलोपैथी —03— शिक्षा—66—किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ की स्थापना —20—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता के नामे डाला जायेगा।

7— यह आदेश वित्त विभाग के पत्र संख्या—ई0—3/ /दस—2005—247, दिनांक दिसम्बर, 2005 में दिए गए निर्देशानुसार निर्गत किये जा रहे हैं ।

संलग्नक— यथोक्त।

भवदीय

(जावेद एहतेशाम)
उप सचिव।

संख्या—4689(1)/71—3—05—तद्दिनांक—

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद ।
2. कोषाधिकारी, लखनऊ ।
3. वित्त अधिकारी, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
4. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, लखनऊ ।
5. वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग—3।
6. नियोजन अनुभाग—4
7. सम्बंधित समीक्षा अधिकारी/गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(जावेद एहतेशाम)
उप सचिव।



E:\yadav ji work\J.L. Yadav g-o-.doc

शासनादेश संख्या–4689/71–3–05–के0जी0–96/2004, दिनांक दिसम्बर, 2005 का संलग्नक

गठियॉ रोगियों के लिए एम0सी0आई0 के मानकों के अनुसार आवश्यक पदों का विवरण

| आवश्यक स्टाफ | शैक्षिक योग्यता | शैक्षिक/शोध अनुभव | वांछनीय अर्हता | एम0सी0आई0 के मानकों के अनुसार | स्पष्टीकरण | संख्या | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आचार्य | डी0एम0 रियूमेटोलाजी/इम्यूनोलॉजी, एम0डी0 मेडिसिन में 02 वर्ष का अनुभव | मान्यता प्राप्त मेडिकल कालेज से रियूमेटोलॉजी में चार वर्ष का अनुभव एवं 06 वर्ष का शैक्षिक अनुभव (02 वर्ष का सह आचार्य एवं 04 वर्ष का सहायक आचार्य) | इन्डेक्स जरनल में न्यूनतम चार शोध पत्र एवं एक अन्तर्राष्ट्रीय जरनल में शोध पत्र | एक | एम0सी0आई0 के मानक के अनुसार | 1 | 14300-400-18300 |
| सह आचार्य | एम0डी0 मेडिसिन/डी0एम0 रियूमेटोलॉजी/इम्यूनोलॉजी | रियूमेटोलॉजी मे 04 वर्ष का अनुभव और मान्यता प्राप्त मेडिकल कालेज से सहायक आचार्य के रूप में 04 का अनुभव | इन्डेक्स जरनल में न्यूनतम चार शोध पत्र | एक | एम0सी0आई0 के मानक के अनुसार | 1 | 12000-375-16500 |
| सहायक आचार्य/प्रवक्ता | एम0डी0 मेडिसिन/डी0एम0 रियूमेटोलॉजी/इम्यूनोलॉजी | विशिष्ट विषय में मान्यता प्राप्त उपाधि तथा किसी मान्यता प्राप्त मेडिकल कालेज में 03 वर्ष रेजीडेन्ट डिमांस्ट्रेटर/रजिस्ट्रार/ट्यूटर के रूप में शैक्षिक अनुभव | | न्यूनतम एक लेकिन मानक के अनुसार पर्याप्त स्टाफ | कार्य की अधिकता के कारण 02 यूनिट के लिए 02 पदों की आवश्यकता है। | 2 | 10000-325-15200 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रेजीडेन्ट्स- सीनियर रेजीडेन्ट-प्रथम | एम०डी० मेडिसिन | | | चौबीस घण्टे कार्य हेतु पर्याप्त रेजीडेन्ट स्टाफ | दो यूनिट के लिए 06 रेजीडेन्ट्स की आवश्यकता है जो कि वार्ड के प्रबंधन कार्य के साथ साथ शिक्षण कार्य भी करेंगे। | 2 | 10325 (छात्रवेतन) |
| सीनियर रेजीडेन्ट द्वितीय | एम०डी० मेडिसिन | रियूमेटोलॉजी मे 01 वर्ष का अनुभव | | | | 2 | 10650 (छात्रवेतन) |
| सीनियर रेजीडेन्ट तृतीय | एम०डी० मेडिसिन | रियूमेटोलॉजी मे 02 वर्ष का अनुभव | | | | 2 | 10975 (छात्रवेतन) |
| सीनियर रेजीडेन्ट-प्रथम रेडियोडायग्नोसिस | एम०डी० रेडियोडायग्नोसिस | | | कार्यभार एवं कार्य की आवश्यकतानुसार पर्याप्त रेजीडेन्ट स्टाफ | मरीजों के जोड़ों की जांच एक्स-रे,अल्ट्रासाउंड तथा बोन-डेन्सिटोमेट्री पर आधारित है। जिसके लिए आवश्यक उपकरणों जैसे डिजीटल अल्ट्रासाउंड तथा बोन-डेन्सिटोमेट्री का क्रय किया जाना है। जिसके लिए रेडियोलाजी कार्य के प्रबंधन हेतु एक सीनियर रेजीडेण्ट की आवश्यकता है। | 1 | 10325 (छात्रवेतन) |
| वरिष्ट शोध अधिकारी | लाइफ साइंस में पी०एच०डी० की उपाधि | आठ वर्ष का रियूमेटोलॉजी में शोध का अनुभव | इंडेक्स जरनल में न्यूनतम 02 शोध पत्र विशिष्ट विषय (रियूमेटोलॉजी) में। | यूनिट के कार्यभार एवं कार्य की प्रकृति के आवश्यकतानुसार पर्याप्त स्टाफ | बीमारी के उपचार, निदान एवं परीक्षणों को नवीनतम एवं आधुनिक तकनीकी को विकसित करने के लिए शोध कार्य एवं लैब के दैनिक कार्यो के निरीक्षण एवं परीक्षण करवाने के लिए | 1 | 8550-275-14600 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्टाफ नर्सेस | नर्सिंग डिप्लोमा | | | एम0सी0आई0 के मानकों के अनुसार 10 शयुया पर 03 नर्सेस, 30 प्रतिशत अवकाश हेतु आरक्षित, 01 बाह्य रोग विभाग,01 साइनर ओ0टी0 एवं 01 दैनिक उपचार हेतु | एम0सी0आई0 के मानक से कम | 12 | 5000-150-8000 |
| सिस्टर | नर्सिंग डिप्लोमा | 10 वर्ष का नर्सिंग अनुभव | | 25 शयुया के लिए पर्याप्त नर्सों का स्टाफ | एम0सी0आई0 मानक के अनुसार | 2 | 5500-175-9000 |
| टेक्नीशियन | इण्टरमीडिएट विज्ञान वर्ग से, तथा टेक्नीशियन में डिप्लोमा | | | एम0सी0आई0 के मानक के अनुसार आवश्यकतानुसार पर्याप्त स्टाफ | रक्त के नमूने इकट्ठा करने तथा एवं उसकी जांच के लिए | 3 | 4000-100-6000 |
| एक्स-रे टेक्नीशियन | इण्टरमीडिएट विज्ञान वर्ग से, तथा एक्स-रे टेक्नीशियन में डिप्लोमा | | | एम0सी0आई0 के मानक के अनुसार आवश्यकतानुसार पर्याप्त स्टाफ | मरीजों के एक्स-रे एवं बोन डेन्सिटोमेट्री के लिए | 1 | 4500-125-7000 |
| लैब अटेंडेंट | हाइस्कूल विज्ञान वर्ग से | | | एम0सी0आई0 के मानक के अनुसार आवश्यकतानुसार पर्याप्त स्टाफ | लैब में सहायता करने के लिए | 2 | 2610-60-3150-65-3540 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अटेंडेंट | कक्षा-8 उत्तीर्ण | | | एम0सी0आई0 के मानक के अनुसार आवश्यकतानुसार पर्याप्त स्टाफ | चार वार्ड, दो डे केयर/ओ0पी0डी0/माइनर ओ0टी0 के लिए | 6 | 2550-55-2660-60-3200 |
| फिजियोथेरेपिस्ट | डिप्लोमा इन फिजियोथेरेपी | | | एम0सी0आई0 के मानक के अनुसार आवश्यकतानुसार पर्याप्त स्टाफ | विकलांग मरीजों के पुर्नवास के लिए | 1 | 5000-150-8000 |
| डायटीशियन | डिप्लोमा इन डाईटिक्स | | | एम0सी0आई0 के मानक के अनुसार आवश्यकतानुसार पर्याप्त स्टाफ | अधिक वजन, गठिया रोग होने का एक मुख्य कारण है अधिक मरीजों को भोजन संबंधी जानकारी देने हेतु | 1 | 4500-125-7000 |
| आक्यूपेशनल थिरेपिस्ट | आक्यूपेशनल थिरेपी में डिप्लोमा | | | एम0सी0आई0 के मानक के अनुसार आवश्यकतानुसार पर्याप्त स्टाफ | विकलांग मरीजों जिस प्रकार का कार्य कर सकते हैं, उसका प्रशिक्षण देने तथा उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु | 1 | 5000-150-8000 |
| मनोवैज्ञानिक-सामाजिक कार्यकर्ता | मनोविज्ञान/समाजकार्य/समाजशास्त्र से स्नातकोत्तर उत्तीर्ण | | | एम0सी0आई0 के मानक के अनुसार आवश्यकतानुसार पर्याप्त स्टाफ | मरीजों को बीमारी की जानकारी एवं उनका मानसिक उपचार करने हेतु | 1 | 5000-150-8000 |
| पब्लिक हेल्थ नर्स | डिप्लोमा इन नर्सिंग | | | एम0सी0आई0 के मानक के अनुसार आवश्यकतानुसार पर्याप्त स्टाफ | मरीजों के पुर्नवास हेतु | 1 | 6500-200-10500 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आशुलिपिक | इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण | इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण, हिन्दी आशुलेखन में 80 शब्द प्रति मिनट तथा टंकण में 25 शब्द प्रति मिनट व अंग्रेजी आशुलेखन का ज्ञान | कम्प्यूटर ज्ञान | एम०सी०आई० के मानक के अनुसार आवश्यकतानुसार पर्याप्त स्टाफ | कार्यालय कार्य हेतु | 1 | 4000-100-6000 |
| रिकार्ड क्लर्क | इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण | इण्टरमीडिएट उत्तीण तथा हिन्दी में टंकण गति 25 शब्द प्रति मिनट तथा अंग्रेजी में टंकण गति 30 शब्द प्रति मिनट | कम्प्यूटर ज्ञान | एम०सी०आई० के मानक के अनुसार आवश्यकतानुसार पर्याप्त स्टाफ | कार्यालय रिकार्ड के रख-रखाव हेतु | 1 | 3050-75-3950-80-4590 |
| स्टोर कीपर | इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण | इण्टरमीडिएट उत्तीण तथा हिन्दी में टंकण गति 25 शब्द प्रति मिनट तथा अंग्रेजी में टंकण गति 30 शब्द प्रति मिनट | कम्प्यूटर ज्ञान | एम०सी०आई० के मानक के अनुसार आवश्यकतानुसार पर्याप्त स्टाफ | विभाग के रिकार्ड के रख-रखाव एवं क्रय सम्बन्धी कार्य और उसके उपयोगार्थ संबंधी कार्य हेतु। | 1 | 3050-75-3950-80-4590 |
| कम्प्यूटर आपरेटर | पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन/ओ० लेवल से स्नातक | | 01 वर्ष का अनुभव | एम०सी०आई० के मानक के अनुसार आवश्यकतानुसार पर्याप्त स्टाफ | डाटा एन्ट्री एवं डाटा एनालिसिस हेतु | 1 | 4000-100-6000 |
| जनसम्पर्क सहायक | पूर्व से निर्धारित | हिन्दी में टंकण गति 25 शब्द प्रति मिनट तथा अंग्रेजी में टंकण गति 30 शब्द प्रति मिनट | कम्प्यूटर ज्ञान | एम०सी०आई० के मानक के अनुसार आवश्यकतानुसार पर्याप्त स्टाफ | मरीजों की सहायता, रिपोर्टस देने एवं बिल्डिंग के रख रखाव हेतु। | 2 | 4000-100-6000 |
| सफाई कर्मचारी | कक्षा-8 उत्तीर्ण | | | एम०सी०आई० के मानक के अनुसार आवश्यकतानुसार पर्याप्त स्टाफ | चार वार्ड, दो इं केयर/ओ०पी०डी०/माइनर ओ०टी० के लिए | 6 | 2550-55-2660-65-3540 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ...दार | कक्षा-8 उत्तीर्ण | | | एम0सी0आई0 के मानक के अनुसार आवश्यकतानुसार पर्याप्त स्टाफ | सुरक्षा कार्य हेतु | 4 | 2550-55-2660-65-3540 |
| चपरासी | कक्षा-8 उत्तीर्ण | | | एम0सी0आई0 के मानक के अनुसार आवश्यकतानुसार पर्याप्त स्टाफ | कार्यालय कार्य हेतु | 1 | 2550-55-2660-65-3540 |

कुल योग-- 60 पद

( जावेद एहतशाम )
उप सचिव